KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

# Weekly Test

## 100 Que.





# KHAN GLOBAL STUDIES

Most Trusted Learning Platform

+91 875 735 4880 www.khanglobalstudies.com

01. हाल ही में इकोसाइड (Ecocide) को अपराध घोषित करने वाला विश्व का प्रथम देश बना है–
(a) जापान (b) फ्रांस (c) ब्रिटेन (d) बैल्जियम

02. अमालेगा द्वीप व सेंट जेम्स जेट्टी द्वीप हिस्सा है–
(a) मॉरीशस का (b) लक्षद्वीप का
(c) इंडोनेशिया का (d) कैरीबियाई द्वीपों का

03. हाल ही में खबरों में रहा क्षेत्र 'कैटालोनिया' निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?
(a) फ्रांस (b) पुर्तगाल (c) ब्रिटेन (d) स्पेन

04. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. पृथ्वी की सतह के नीचे का स्थान जहां भूकंप का केंद्र स्थित होता है, अधिकेंद्र (Epicenter) कहलाता है।
2. पृथ्वी की सतह के ऊपर स्थित वह स्थान जहां भूकंपीय तरंगें सबसे पहले पहूंचती है हाइपोसेंटर (Hypocentere) कहलाता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

05. कुंचिकल जलप्रपात, जो वराही नदी पर स्थित भारत का सबसे ऊंचा जलप्रपात है एवं इसकी ऊंचाई 455 मीटर है, यह जलप्रपात किस भारतीय राज्य में स्थित है?
(a) महाराष्ट्र (b) छत्तीसगढ़ (c) झारखंड (d) कर्नाटक

06. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:–
1. जलोढ़ मृदा भारत के उत्तरी मैदान तथा नदी घाटियों में व्यापक रूप से पाई जाती है।
2. जलोढ़ मृदा देश के संपूर्ण क्षेत्रफल का लगभग 40 प्रतिशत भाग पर स्थित है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और 1 ही 2

07. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?
(a) येनिसी – एशिया
(b) मर्रे – ऑस्ट्रेलिया
(c) अमेजन – दक्षिणी अमेरिका
(d) मैकेंजी – यूरोप

08. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. पर्वतीय प्रदेशों में दिन के दौरान घाटी से ऊपर पर्वतों की ओर बहने वाली पवनों को पर्वतीय पवनें कहते हैं।
2. रात्रि के समय पर्वतीय ढ़ाल से घाटी की ओर नीचे उतरने वाली सघन वायु को घाटी पवनें कहते हैं।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

09. लोनार झील के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. इसे लोनार क्रेटर के नाम से भी जाना जाता है तथा यह एक अधि सूधिसूचित राष्ट्रीय भू-विरासत स्मारक है।
2. लोनार झील का निर्माण प्लेइस्टोसिन युग के दौरान उल्कापिंड की टक्कर के प्रभाव से हुआ।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

10. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए–
1. बुल्गारिया 2. रोमानिया 3. यूक्रेन 4. ईरान
5. तुर्की

**उपरोक्त में से कौन से देशों की सीमा काला सागर से लगती हैं?**
(a) केवल 1, 2, 3 और 5 (b) केवल 2, 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 3 और 5 (d) केवल 1, 2, और 3

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. लद्दाख स्थित द्रास विश्व का सबसे ठंडा आबादी वाला क्षेत्र (Coldest inhabited area) है तथा समुद्र तल से यह 6,500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।
2. सियाचिन ग्लेशियर, गैर-ध्रुवीय क्षेत्र में पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थान है तथा यह उत्तरी काराकोरम रेंज में स्थित है।
3. सेला पास को भारत का आइसबॉक्स कहा जाता है, जो अरुणाचल प्रदेश में तवांग और पश्चिम कामेंग जिलों के बीच स्थित है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2 (d) केवल 1 और 3

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. भारत की सबसे बड़ी अंतर्देशीय (Inland) खारे पानी की झील सांभर झील है।
2. भारत की सबसे बड़ी तटीय खारे पानी की झील चिल्का झील है।
3. मंथा, रूपनगढ़, खंडेला नदियां चिल्का झील को जल प्रदान करती हैं।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) केवल 2

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. गोदावरी नदी, जिसे अक्सर 'दक्षिण गंगा' कहा जाता है, भारत की दूसरी सबसे लंबी नदी है और महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों से होकर बहती है।
2. नर्मदा नदी पूर्व की ओर बहती है, जबकि अधिकांश अन्य बड़ी प्रायद्वीपीय नदी पश्चिम की ओर बहती हैं।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. सिलीगुड़ी कॉरिडोर 20-22 किलोमीटर चौड़ा सबसे संकीर्ण खंड है जो पूर्वोत्तर भारत के केवल छह राज्यों को शेष भारतीय गणराज्य से जोड़ता है।
2. नेपाल और बांग्लादेश गलियारे के दोनों ओर स्थित हैं और भूटान गलियारे के उत्तरी छोर पर स्थित है।
3. सिक्किम और भूटान के बीच चुम्बी घाटी स्थित है, जो तिब्बती क्षेत्र का हिस्सा है जिसका आकार एक खंजर के समान है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) केवल 2

15. दुनिया की सबसे ऊंची नौगम्य झील मानी जाने वाली 'टिटिकाका झील' निम्नलिखित में से किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?
(a) कोलंबिया-वेनेजुएला (b) पेरू-इक्वाडोर
(c) चिली-अर्जेंटीना (d) पेरू-बोलीविया

16. Electoral bond को संविधान के किस अनुच्छेद के तहत मूलअधिकार का उलंघन बताया?
(a) Artical - 21 (b) Artical - 18
(c) Artical - 324 (d) Artical - 19 (1) (a)

17. संवैधानिक शासन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
1. यह सीमित शासन का एक रूप है।
2. यह ऐसा शासन है जहाँ संविधान, लोक प्राधिकार का आधार है।
3. यह ऐसा शासन है जहाँ सम्राट राज्य का औपचारिक अध्यक्ष है।
4. यह ऐसा शासन है जहाँ सार्वभौम वयस्क मताधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) केवल 1 और 3

**18.** निम्नलिखित को नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिये–
1. संविधान सभा की पहली बैठक
2. माउंटवेटन योजना
3. उद्देश्य प्रस्ताव का प्रस्तुत होना
4. प्रारूप समिति का गठन

**कूट:**
(a) 3-2-1-4 (b) 1-3-2-4
(c) 4-1-3-2 (d) 1-2-3-4

**19.** निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये–
1. गणतांत्रिक व्यवस्था
2. संसद की संप्रभुता
3. मंत्री का विधिक उत्तरदायित्व
4. प्रधानमंत्री निचले सदन का सदस्य होना चाहिये

भारतीय संसदीय प्रणाली के संबंध में उपर्युक्त विशेषताओं में से कौन-सा/सी? सही नहीं है/हैं?
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**20.** संविधान लागू होने के समय निम्नलिखित अधिकारों में से कौन-से अधिकार मौलिक अधिकारों में शामिल थे?
1. समानता का अधिकार 2. स्वतंत्रता का अधिकार
3. शोषण के विरुद्ध अधिकार
4. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
5. सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक अधिकार
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार
7. संपत्ति का अधिकार

**कूट:**
(a) केवल 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1, 2, 4 और 7
(c) केवल 1, 2, 4, 5 और 6
(d) उपर्युक्त सभी

**21.** निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कीजिये–

| | |
|---|---|
| (a) अभियुक्तों और सजा पाए लोगों के अधिकार | 1. अनुच्छेद 19 (1)(b) |
| (b) शिक्षा का अधिकार | 2. अनुच्छेद 22 |
| (c) शांतिपूर्ण ढंग से जमा होने का अधिकार | 3. अनुच्छेद 21A |
| (d) कोई भी पेशा चुनने एवं व्यापार करने का अधिकार | 4. अनुच्छेद 19 (1)(g) |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 | (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 | (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**22.** भारत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन राज्य की नीति के निदेशक सिद्धांतों और मौलिक अधिकारों के बीच अंतर का सबसे अच्छा वर्णन करता है?
(a) मौलिक अधिकार सकारात्मक हैं, जबकि राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत नकारात्मक अवधारणा है।
(b) मौलिक अधिकार नैतिक और राजनीतिक रूप से मान्य हैं, जबकि राजय के नीति निदेशक सिद्धांतों के पास कानूनी मान्यता होती है।
(c) मौलिक अधिकार व्यक्ति के कल्याण को बढ़ावा देते हैं, जबकि राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत समुदाय के कल्याण को बढ़ावा देते हैं।
(d) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को बिना किसी कानून की आवश्यकता के स्वत: लागू किया जाता है, जबकि मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिये कानून की आवश्यकता होती है।

**23.** राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
1. 6 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों के लिये पूर्व बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा प्रदान करने की नीति निदेशक तत्त्वों के गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित है।
2. नीति-निदेशक तत्त्वों का अनुच्छेद 47 मादक पेय पदार्थों और ड्रग्स के उपयोग को प्रतिबंधित करता है जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है।
3. संविधान नीति के निदेशक तत्त्वों को समाजवादी, गांधीवादी और उदारवादी सिद्धांतों में वर्गीकृत करता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 2 और 3 (b) केवल 3
(c) केवल 1 और 2 (d) केवल 2

**24.** उपराष्ट्रपति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. यह पद ग्रहण करने की तारीख से 5 वर्ष तक अपने पद पर रहता है।
2. इस पर महाभियोग नहीं लगाया जाता है।
3. कोई व्यक्ति अधिकतम दो बार उपराष्ट्रपति के पद के लिये चयनित हो सकता है।

**कूट:**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**25.** 'भारत के महान्यायवादी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
1. महान्यायवादी केंद्रीय कैबिनेट का सदस्य होता है तथा वह संसद के दोनों सदनों की कार्रवाई में भाग ले सकता है।
2. महान्यायवादी अपने कार्यकाल में निजी विधिक कार्यवाही नहीं कर सकता।
3. महान्यावादी राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपना पद धारण करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**26.** भारत के किसी राज्य में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश किसके द्वारा नियुक्त किये जाते हैं?
(a) भारत का राष्ट्रपति (b) भारत का मुख्य न्यायमूर्ति
(c) राज्य का राज्यपाल (d) विधि आयोग

**27.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
1. कदाचार और अक्षमता के आधार पर राज्य विधायिका द्वारा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जा सकता है।
2. किसी राज्य के राज्यपाल के परामर्श के पश्चात् राष्ट्रपति किसी न्यायाधीश को एक उच्च न्यायालय से दूसरे में स्थानांतरित कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और ही 2

**28.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये–

| **सूची-I (विषय)** | **सूची-II (अनुच्छेद)** |
|---|---|
| (a) संसद का गठन | 1. अनुच्छेद 79 |
| (b) राज्यसभा की संरचना | 2. अनुच्छेद 80 |
| (c) लोकसभा की संरचना | 3. अनुच्छेद 81 |
| (d) संसद के सत्र, सत्रावसान एवं विघटन | 4. अनुच्छेद 85 |

**कूट:**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 | (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. राज्यसभा का सभापति तथा उपसभापति उस सदन के सदस्य नहीं होते।
   2. जबकि राष्ट्रपति के निर्वाचन में संसद के दोनों सदनों के मनोनीत सदस्यों को मतदान का कोई अधिकार नहीं होता, उनको उप-राष्ट्रपति के निर्वाचन में मतदान का अधिकार होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

30. निम्नलिखित में कौन संवैधानिक प्राधिकरण हैं?
   नीचे दिये कूट से सही उत्तर चुनिये–
   1. राज्य निर्वाचन अयोग 2. राज्य वित्त आयोग
   3. जिला पंचायत 4. राज्य निर्वाचन अधिकारी

   **कूटः**
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
   (c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

31. कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में किस पहलू पर प्रकाश डाला गया है?
   (a) आर्थिक जीवन (b) राजनीतिक नीतियाँ
   (c) धार्मिक जीवन (d) सामाजिक जीवन

32. कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से सही हैं?
   1. न्यायिक दंड के परिणामस्वरूप कोई व्यक्ति दास हो सकता था।
   2. स्त्री दास अपने मालिक के संसर्ग से पुत्र जनन पर कानूनी तौर पर मुक्त हो जाती थी।
   3. यदि स्त्री दास का मालिक उस स्त्री से पैदा हुए पुत्र का पिता हो, तो उस पुत्र को मालिक का पुत्र होने का कानूनी हक मिलता था।

   **ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

33. निम्नांकित में से किसकी तुलना मैक्योवेली के 'प्रिंस' से की जा सकती है?
   (a) कालिदास का मालविकाग्निमित्रम
   (b) कौटिल्य का अर्थशास्त्र
   (c) वात्स्यायन का कामसूत्र
   (d) तिरुवल्लुवर का तिरुक्कुरल

34. किसके शासनकाल में डाईमेकस भारत आया था?
   (a) चंद्रगुप्त मौर्य (b) बिंदुसार
   (c) अशोक (d) कनिष्क

35. बिंदुसार के शासनकाल में अशोक ने अवंति महाजनपद जीतकर मौर्य साम्राज्य में मिला लिया था। इसका उल्लेख किस ग्रंथ में मिलता है?
   (a) बुद्ध घोष की समंत पारसादिका
   (b) कौटिल्य का अर्थशास्त्र
   (c) पाणिनि की अष्टाध्यायी
   (d) पतंजलि का महाभाष्य

36. पाटलिपुत्र में स्थित चंद्रगुप्त का महल मुख्यतः बना था–
   (a) ईंटों का (b) पत्थर का
   (c) लकड़ी का (d) मिट्टी का

37. दक्षिण अफ्रीका के किस रेलवे स्टेशन पर गांधी को ट्रेन से फेंका गया था?
   (a) जोहॉन्सबर्ग (b) पीटरमारित्सबर्ग
   (c) डरबन (d) प्रिटोरिया

38. एम. के. गांधी ने निम्नलिखित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशनों में से किस एक में सर्वप्रथम भाग लिया था?
   (a) लखनऊ अधिवेशन, 1916 (b) कलकत्ता अधिवेशन, 1901
   (c) अमृतसर अधिवेशन, 1919 (d) नागपुर अधिवेशन, 1920

39. भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी द्वारा स्थापित साबरमती आश्रम नगर के बाहर स्थित है–
   (a) गांधीनगर (b) अहमदाबाद
   (c) राजकोट (d) वर्धा

40. महात्मा गांधी ने अहमदाबाद के निकट साबरमती के किनारे एक आश्रम बनाया था। इसे ............. कहा जाता था।
   (a) स्वाध्याय आश्रम (b) हरिजन आश्रम
   (c) सत्याग्रह आश्रम (d) स्वराज आश्रम

41. महात्मा गांधी से संबद्ध निम्नलिखित आश्रमों में कौन सबसे पुराना है?
   (a) साबरमती (b) फीनिक्स
   (c) वर्धा (d) सदाकत

42. गांधीजी ने 'सेवाधर्म' कहां अपनाया था?
   (a) मुंबई (b) शांतिनिकेतन
   (c) दक्षिण अफ्रीका (d) पुणे

43. महात्मा गांधी के अनुसार, राजनीति का तात्पर्य था–
   (a) धर्म विहीन राजनीति (b) जनकल्याण के लिए सक्रियता
   (c) सत्याविहीन राजनीति (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. उस फ्रांसीसी सेनापति का नाम बताइए, जो 1760 के वांडीवाश युद्ध में पराजित हुआ–
   (a) काउंट लाली (b) फ्रांसिस मार्टिन
   (c) डूप्ले (d) उपर्युक्त में से काई नहीं

45. वांडीवाश के युद्ध (1760) में–
   (a) फ्रेंच ने ब्रिटिश को हराया। (b) ब्रिटिश ने डच को हराया।
   (c) ब्रिटिश ने फ्रेंच को हराया। (d) डच ने ब्रिटिश को हराया।

46. बिजली की खपत के लिए बिल इनमें से किसके माप के आधार पर तैयार किया जाता है?
   (a) धारा (b) वोल्टेज
   (c) वॉट (d) इनमें से कोई नहीं

47. $O^{2-}$ में कुल इलेक्ट्रॉन और प्रोटोन संख्या क्रमशः है–
   (a) 10, 8 (b) 8, 8 (c) 8, 6 (d) 6, 6

48. रदरफोर्ड का अल्फा कण प्रकीर्णन किसकी खोज के लिए उत्तरदायी था–
   (a) परमाणु केन्द्रक (b) इलेक्ट्रॉन
   (c) प्रोटॉन (d) न्यूट्रॉन

49. किसी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की कुल ऊर्जा अधिकतम होती है जबः
   (a) न्यूक्लियस के निकट होता है
   (b) जब सम संख्या वाले कक्षा में होता है
   (c) जब विषम संख्या वाले कक्षा में होता हैं
   (d) न्यूक्लियस के सबसे अधिक दूर वाले कक्षा में होता है

50. एक लाल और हरी पेंसिल को हरे प्रकाश से प्रदीप्त एक कमरे में ले जाया जाता है? कमरे में–
   (a) दोनों पेंसिलें प्रदीप्त होंगी
   (b) पेंसिले क्रमशः लाल व हरी मालूम होंगी
   (c) लाल पेंसिल अप्रदीप्त और हरी पेंसिल हरी मालूम होगी
   (d) लाल पेंसिल और हरी पेंसिल अप्रदीप्त मालूम होगी

51. किसी गैस को द्रव में बदलने के लिए सबसे सरल कौन-सी स्थिति में होती है?
   (a) कम तापमान और उच्च दाब
   (b) उच्च तापमान और कम दाब
   (c) कम तापमान और कम दाब
   (d) उच्च तापमान और उच्च दाब

52. विद्युत ऋणात्मकता किसी परमाणु की ......... की दक्षता की माप है।
   (a) इलेक्ट्रॉनों को प्रतिकर्षित करने
   (b) प्रोट्रॉनों को आकर्षित करने
   (c) प्रोट्रॉनों को प्रतिकर्षित करने
   (d) इलेक्ट्रॉनों को आकर्षित करने

53. निम्नलिखित में से कौन प्रोटीन फाइबर है?
   (a) नायलॉन (b) पॉलिएस्टर (c) रेशम (d) कपास

54. निम्न में से किस सिद्धांत के अनुसार कोई रॉकेट अंतरिक्ष में कार्य करता है?
   (a) संवेग-संरक्षण का सिद्धांत (b) द्रव्यमान-संरक्षण का सिद्धांत

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform

(c) ऊर्जा-संरक्षण का सिद्धांत (d) गति-संरक्षण का सिद्धांत

55. एक हल्के और एक भारी पिंड की गतिज ऊर्जा समान है। इनमें से किसका संवेग अधिक होगा?
(a) किसी का भी नहीं (b) हल्के पिंड का
(c) भारी पिंड का (d) दोनों का संवेग समान होगा

56. अमोनियम फॉस्फेट का रासायनिक सूत्र ........... है।
(a) $(NH_4)_2 PO_2$ (b) $(NH_4)_3 PO_4$
(c) $NH_4PO_4$ (d) $(NH_4)_2 PO_4$

57. निम्नलिखित में से कौन सी मात्रा और उसकी SI इकाई सही रूप से सुमेलित नहीं है?
(a) फ्रिक्वेंसी-हर्ट्ज
(b) मैग्नेटिक फ्लक्स-टेस्ला
(c) प्रेशर-पास्कल
(d) इलेक्ट्रिक कंडक्टन्स-सीमेंस

58. अर्द्धचालक का उदाहरण है–
(a) शुद्ध जरमेनियम (b) शुद्ध सिलिकॉन
(c) जरमेनियम-फॉस्फोरस (d) जरमेनियम

59. नम वायु में रखी गई लोहे की चादरे जंग से ढ़क जाती है, जंग है
(a) एक तत्त्व
(b) एक यौगिक
(c) लोहे और धूल का मिश्रण
(d) लोहे, ऑक्सीजन और जल का मिश्रण

60. समापन रेखा को पार करने के बाद भी एक धावक भागना जारी क्यों रखता है?
(a) उसके जूतों और जमीन के मध्य घर्षण उसका रेखा से आगे बढ़ने को कारण बनता है
(b) गति की जड़ता उसे आगे बढ़ाती है
(c) स्थिरता की जड़ता उसे रोकने के लिए कुछ समय लेती है
(d) वह यह सुनिश्चित करना चाहता है कि उसने रेखा को पार कर लिया है।

61. भारत के असंगठित क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?
1. संगठित क्षेत्र की तुलना में इस क्षेत्र में श्रमिकों की संख्या अधिक है।
2. रोजगार सुरक्षा तथा कार्य विनियमन असंगठित क्षेत्र में बेहतर हैं।
3. वे सामान्यत: श्रम संघों में संगठित नहीं है।
4. श्रमिक सामान्यत: सीमित दिनों के लिये नियुक्त होते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 3 और 4 (d) केवल 1 और 3

62. भारतीय अर्थव्यवस्था के मॉडल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
1. भारतीय अर्थव्यवस्था का मॉडल निजी क्षेत्र और संपत्ति के अधिकारों के बारे में उभयवृत्तिता (दोहरे विचार) का दृष्टिकोण रखता है।
2. भारतीय अर्थव्यवस्था के मॉडल में विशेषकर स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने के संबंध में राज्य की क्षमता बहुत कम है।
3. भारतीय अर्थव्यवस्था का मॉडल संसाधनों के अपर्याप्त पुनर्वितरण का सामना करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

63. किसी भी राष्ट्र की औसत आय/प्रति व्यक्ति आय की गणना निम्नलिखित में से किस प्रकार की जा सकती है?
(a) जिन व्यक्तियों की वार्षिक आय 1 लाख है, उनकी कुल आय को कुल जनसंख्या से गुणा करके।
(b) देश की कुल आय को कुल जनसंख्या से भाग देकर।
(c) सरकार द्वारा प्राप्त कुल कर की राशि को कुल जनसंख्या से भाग देकर।
(d) गरीबी रेखा से ऊपर के लोगों की कुल आय को कुल जनसंख्या से भाग देकर।

64. निम्नलिखत में से कौन-सा किसी देश की आर्थिक संवृद्धि का सबसे उपयुक्त मापदंड है?
(a) साक्षरता दर
(b) शिशु मृत्यु दर
(c) प्रति व्यक्ति आय
(d) सकल घरेलू उत्पाद

65. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, लघु कृषक बड़े खेत की संकल्पना का सर्वोत्तम वर्णन है?
(a) युद्ध के कारण अपने देशों से बड़ी संख्या में विस्थापित लोगों का, एक बड़ी खेतीयोग्य जमीन देकर, जिसमें वे सामूहिक खेती कर उपज को आपस में बाँटते हैं, पुन:स्थापन करना
(b) किसी क्षेत्र के अनेक सीमांत कृषक अपने आपको समूहों में व्यवस्थित कर चुनिन्दा कृषि संक्रियाओं में समकालन और संगति लाते हैं
(c) किसी क्षेत्र के अनेक सीमांत कृषक मिलकर किसी निगमित निकाय के साथ संविदा कर अपनी जमीन उस निगमित निकाय को किसी नियत अवधि के लिये दे देते हैं, जिसके लिये वह निगमित निकाय कृषकों को एक सहमत राशि का भुगतान करता है
(d) कोई कम्पनी किसी क्षेत्र के कुछ संख्या में लघु कृषकों को ऋण, तकनीकी जानकारियाँ और सामग्री की निविष्टियाँ प्रदान करती है, ताकि वे कंपनी की विनिर्माण प्रक्रिया और वाणिज्यिक उत्पादन के लिये उसकी जरूरत के कृषि-पण्य का उत्पादन करें

66. निजीकरण में समाहित है–
(a) सार्वजनिक उद्यमों को निजी क्षेत्र को बेचना
(b) सार्वजनिक उद्यम इक्विटी का विनिवेश
(c) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के प्रबंधन में निजी क्षेत्र की सहभागिता
(d) उपर्युक्त सभी

67. भारत में निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना में अर्थव्यवस्था के समाजवादी स्वरूप को अपनाया गया?
(a) दूसरी पंचवर्षीय योजना में (b) तीसरी पंचवर्षीय योजना में
(c) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना में (d) पहली पंचवर्षीय योजना में

68. भारत में उच्च निर्धनता दर के प्रमुख कारण हैं–
1. जनसंख्या में उच्च दर से वृद्धि
2. बेरोज़गारी
3. आय असमानता
4. भूमि संसाधनों की कमी

**कूट:**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

69. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मौसमी बेरोजगारी को सही तरीके से परिभाषित करता है?
(a) जब वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध नहीं होता।
(b) जब कुछ तकनीकी अर्हता प्राप्त लोगों को रोजगार प्राप्त न हो।
(c) जब डिग्री धारक को रोजगार नहीं मिलता।
(d) जब किसी खास फसली मौसम में ही रोजगार प्राप्त हो।

70. भारत में मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
(a) भारत में मुद्रास्फीति का नियंत्रण केवल भारत सरकार का उत्तरदायित्व है।

(b) मुद्रास्फीति के नियंत्रण में भारतीय रिजर्व बैंक की कोई भूमिका नहीं है।
(c) घटा हुआ मुद्रा परिचलन (मनी सर्कुलेशन) मुद्रास्फीति के नियंत्रण में सहायता करता है।
(d) बढ़ा हुआ मुद्रा परिचलन, मुद्रास्फीति के नियंत्रण में सहायता करता है।

**71.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

| **सूची-I (कोशिका का अंगक)** | **सूची-II (प्रकार्य)** |
|---|---|
| A. माइटोकॉन्ड्रिया | 1. प्रकाश-संश्लेषण |
| B. क्लोरोप्लास्ट | 2. प्रोटीन संश्लेषण |
| C. राइबोसोम | 3. अंत: कोशिकीय पाचन |
| D. लाइसोसोम | 4. ATP निर्माण (समावास) |

**कूट:-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 | (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 | (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**72.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

| **सूची-I (जंतु)** | **सूची-II (संघ)** |
|---|---|
| A. एस्कोरिस | 1. स्तनी वर्ग (मैमेलिया) |
| B. मलेरिया-परजीवी | 2. संधिपाद संघ (आर्थ्रोपोडा) |
| C. घरेलू मक्खी | 3. सूत्रकृमि संघ (निमेटोडा) |
| D. गाय | 4. आदिजंतु (प्रोटोजोआ) |

**कूट:-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 | (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 | (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**73.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

| **सूची-I (कोशिका का प्रकार)** | **सूची-II (प्रकार्य)** |
|---|---|
| A. लाल रक्त कोशिका | 1. रक्त का थक्का बनाने में सहायता |
| B. श्वेत रक्त कोशिका | 2. संक्रमण से संघर्ष |
| C. पट्टिकाणु | 3. विलयित पदार्थों का वाहक |
| D. प्लाज़्मा | 4. ऑक्सीजन का परिवहन |

**कूट:-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 | (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 | (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**74.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

| **सूची-I (अंग)** | **सूची-II (विशेषता)** |
|---|---|
| A. आमाशय | 1. शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि |
| B. छोटी आँत | 2. पचे भोजन का रुधिर वाहिकाओं में अवशोषण |
| C. बड़ी आँत | 3. जल अवशोषण |
| D. यकृत | 4. अम्ल का निर्मोचन |

**कूट:-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 | (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**75.** मेरुरज्जु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. मेरुरज्जु तंत्रिकाओं की बनी होती है और सोचने के लिए सूचनाएँ प्रदान करती है।
2. मेरुरज्जु केंद्रीय तंत्रिका तंत्र का भाग न होते हुए भी प्रतिवर्ती क्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1 और न ही 2

**76.** दृष्टि के तीन सामान्य अपवर्तक दोषों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. हाइपरमेट्रोपिया (Hypermetropia) एक ऐसी स्थिति है जिसमें कोई व्यक्ति आस-पास की वस्तुओं को तो स्पष्ट रूप से देख सकता है लेकिन दूरस्थ वस्तुओं को स्पष्ट रूप से नहीं देख सकता।
2. मायोपिया को दूर-दृष्टि दोष के रूप में भी जाना जाता है।
3. प्रेसबायोपिया (Presbyopia) आयु बढ़ने की एक ऐसी स्थिति है, जिसमें आँखों की अनुकूलन शक्ति कम हो जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 2 (b) केवल 3
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**77.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-

| **सूची-I (हार्मोन)** | **सूची-II (कार्य)** |
|---|---|
| A. जिब्रेलिन | 1. शिशु जन्म और दुग्धस्राव के समय आवश्यक माँसपेशियों के संकुचन का संकेत। |
| B. ऑक्सीटोसिन | 2. कोशिकाओं के विकास को नियंत्रित करना। |
| C. एब्सिसिक अम्ल | 3. मूत्र में पानी की मात्रा को नियंत्रित करना। |
| D. वेसोप्रेसिन | 4. पौधों में पाया जाने वाला स्ट्रेस |

**कूट:-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**78.** मस्तिष्क का वह कौन-सा भाग है जो 'पोन्स वेरोली' तथा 'मेरुरज्जु' के मध्य स्थित रहता है तथा उपापचय, रक्तदाब, आहार नाल के क्रमाकुंचन, ग्रन्थि स्राव तथा हृदय की धड़कनों का नियंत्रण करता है?
(a) हाइपोथैलेमस (b) सेरीवेलम
(c) मेडुला ऑब्लोंगेटा (d) सेरिब्रम

**79.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. स्वपोषी जीवों को कार्बन तथा ऊर्जा की आवश्यकताएँ प्रकाश-संश्लेषण द्वारा पूरी होती हैं।
2. पौधों द्वारा प्रयुक्त कार्बोहाइड्रेट उनके द्वारा ग्लाइकोजन के रूप में संचित कर लिया जाता है।
3. मानव शरीर भोजन से प्राप्त ऊर्जा का कुछ भाग मंड के रूप में संचित होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**80.** जीका वायरस के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?
(a) इसे सर्वप्रथम युगांडा के जीका वन में एक बंदर से नियुक्त किया गया था।

(b) यह दिन के समय में सक्रिय एडीज मच्छरों से संचारित होता है।
(c) यह माँ से बच्चे को संक्रमित नहीं करता।
(d) जीका वायरस गर्भवती महिलाओं में भ्रूण के मस्तिष्क के असामान्य विकास का कारक होता है।

**81.** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के दूसरे स्पेसपोर्ट की आधारशिला रखी है?
(a) केरल (b) तमिलनाडु
(c) ओडिशा (d) आंध्र प्रदेश

**82.** किस राज्य सरकार ने असमायिक निधन के कारण होने वाली वित्तीय कठिनाई को कम करने के लिए मुख्यमंत्री सार्वभौमिक जीवन बीमा योजना शुरू की है?
(a) त्रिपुरा (b) पश्चिम बंगाल
(c) नागालैंड (d) बिहार

**83.** जामनगर, गुजरात में रिलायंस फाउंडेशन द्वारा घोषित पशु बचाव, संरक्षण और पुनर्वास पहल का नाम क्या है?
(a) वन यात्रा (b) ग्रीन वैन (c) वंतारा (d) रक्षक

**84.** कौन सा देश तंबाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला कानून खत्म करेगा?
(a) इंग्लैंड (b) न्यूजीलैंड (c) ऑस्ट्रेलिया (d) दक्षिण अफ्रीका

**85.** किस फिनटेक कंपनी ने बैंक खाते को लिंक किए बिना भुगतान की सुविधा के लिए अपने प्लेटफॉर्म पर एक नई सुविधा 'पॉकेट यूपीआई' लॉन्च की है?
(a) मोबिक्विक (b) अमेजॅन पे (c) फोनपे (d) इंस्टामोजो

**86.** भारत के लिए वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के सीईओ के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
(a) सचिन जैन (b) नीरज अखौरी
(c) प्रमोद शर्मा (d) परमिंदर चोपड़ा

**87.** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
(a) स्मिता सारंगी (b) अरकजा दास
(c) इंद्र मणि पांडे (d) तनु सिंह

**88.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल मोड में भारत की पहली स्वदेश निर्मित हाइड्रोजन ईंधन सेल फेरी नाव को हरी झंडी दिखाई है। जहाज किस कंपनी में बनाया गया है?
(a) मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स (b) हिंदुस्तान शिपयार्ड
(c) एबीजी शिपयार्ड (d) कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड

**89.** भारत किस वर्ष तक अपना खुद का स्पेस स्टेशन अंतरिक्ष में स्थापित करेगा?
(a) 2030 (b) 2032 (c) 2035 (d) 2040

**90.** जान निकोल लोफ्टी-ईटन ने नेपाल के खिलाफ एक द्विपक्षीय मैच के दौरान टी20 अंतर्राष्ट्रीय (टी20ई) इतिहास में सबसे तेज शतक बनाकर इतिहास रचा। वह किस देश से है?
(a) जिम्बाब्वे (b) न्यूजीलैंड (c) ऑस्ट्रेलिया (d) नामीबिया

**91.** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और किस कंपनी ने भारत में अपने मीडिया व्यवसायों के विलय के लिए आधिकारिक तौर पर एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?
(a) नेटफ्लिक्स (b) पिक्सर
(c) स्टार स्पोर्ट (d) डिज्नी

**92.** राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम लिमिटेड (एनआईसीडीसी) ने ग्रीनफील्ड स्मार्ट शहरों के विकास को बढ़ाने के लिए किस आईआईटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?
(a) आईआईटी गुवाहाटी (b) आईआईटी दिल्ली
(c) आईआईटी मद्रास (d) आईआईटी इंदौर

**93.** केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने 'निवेशक सूचना और विश्लेषण मंच' लॉन्च किया है। यह किस आईआईटी द्वारा विकसित किया गया है?
(a) आईआईटी गुवाहाटी (b) आईआईटी दिल्ली
(c) आईआईटी मद्रास (d) आईआईटी इंदौर

**94.** फरवरी 2024 में, पीएम नरेंद्र मोदी ने किस शहर में सिक्किम के पहले रेलवे स्टेशन की आधारशिला रखी है?
(a) सिंगटम (b) रंगपो (c) जोरेथांग (d) मंगन

**95.** फरवरी 2024 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी मस्जिद और अफ्रीका की सबसे बड़ी मस्जिद का उद्घाटन किस देश में किया गया है?
(a) ईरान (b) अल्जीरिया (c) यूएई (d) सीरिया

**96.** किस इकाई ने देश के 670 से अधिक जिलों में अपना मासिक जिला आउटरीच कार्यक्रम "निधि आपके निकट 2.0" आयोजित किया है?
(a) नाबार्ड (b) आरबीआई (c) ईपीएफओ (d) सेबी

**97.** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किस शहर में 'भारत टेक्स 2024' का उद्घाटन किया है?
(a) बेंगलुरु (b) नई दिल्ली (c) चेन्नई (d) ग्रेटर नोएडा

**98.** फरवरी 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी ने किस कार्यक्रम के तहत देशभर में दुनिया की सबसे बड़ी सहकारी अनाज भंडारण योजना शुरू की है?
(a) खाद्य और पोषण सुरक्षा कार्यक्रम
(b) मध्याह्न भोजन कार्यक्रम
(c) अंत्योदय अन्न योजना
(d) सहकार से समृद्धि कार्यक्रम

**99.** पीएम नरेंद्र मोदी ने उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नाम का खुलासा किया है जिन्हें गगनयान मिशन के लिए चुना गया है। निम्नलिखित अंतरिक्ष यात्रियों में से कौन गगनयान मिशन का हिस्सा नहीं है?
(a) अंगद प्रताप (b) प्रशांत बालकृष्णन
(c) अजित कृष्णन (d) प्रशांत कृष्ण

**100.** हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किसे लोकपाल नियुक्त किया है?
(a) जस्टिस शरद अरविंद बोबड़े
(b) जस्टिस एएम खानविलकर
(c) जस्टिस उदय ललित
(d) जस्टिस एन वी रमना

# KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform

Download The
Khan Global Studies App



GET IN ON Google Play

Download on the App Store

Our Centres

Patna Delhi Prayagraj
Jaipur Dehradun

Visit Us

YouTube Website Telegram Whatsapp

For more informaiton: 8757354880 | enquiry@khanglobalstudies.com